सोन घड़ियाल अभ्यारण में रेत माफियाओं का राज !

संरक्षण या सांठ-गांठ, वन अमले पर गंभीर सवाल, हर ट्रैक्टर से वसूली का आरोप, कार्रवाई सिर्फ दिखावा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 1 जून। चितरंगी विकासखंड स्थित सोन घड़ियाल अभ्यारण इन दिनों एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। अभ्यारण क्षेत्र से गुजरने वाली सोन नदी में रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण कथित रूप से व्यापक पैमाने पर जारी है। सबसे गंभीर बात यह है कि स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोरों पर है कि यह पूरा खेल अभ्यारण के कुछ जिम्मेदार कर्मचारियों की कथित संरक्षण छाया में फल-फूल रहा है।

सूत्रों के अनुसार सोन नदी के विभिन्न हिस्सों से रात के अंधेरे में दर्जनों ट्रैक्टर रेत निकाल रहे हैं। आरोप है कि कुछ चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई कर सख्ती का दिखावा किया जाता है, जबकि बड़े कारोबारी बेखौफ होकर कारोबार चला रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि प्रति ट्रैक्टर प्रतिरात्रि तय राशि की वसूली किए जाने की भी चर्चा क्षेत्र में आम है।

हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार उठ रहे सवाल विभागीय कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। जानकार बताते हैं कि यह समय घड़ियालों और मगरमच्छों के प्रजनन का महत्वपूर्ण मौसम होता है। मादा घड़ियाल और मगरमच्छ नदी किनारे की रेतीली सतह पर अंडे देते हैं। ऐसे में यदि भारी मशीनों और वाहनों की आवाजाही तथा रेत उत्खनन जारी रहता है तो इससे उनके प्राकृतिक आवास और प्रजनन चक्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

पर्यावरणविदों का मानना है कि यह स्थिति जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती है। आरोप यह भी हैं कि जब शिकायतों का शोर बढ़ता है तो अभ्यारण अमला कुछ समय के लिए सक्रिय होकर कार्रवाई करता दिखाई देता है, लेकिन उसके बाद फिर वही स्थिति लौट आती है। यही वजह है कि अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं और उन पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। क्षेत्र के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सोन घड़ियाल अभ्यारण में संरक्षण और अवैध कारोबार के बीच खड़ी यह कहानी अब कई गंभीर सवाल छोड़ रही है, जिनके जवाब जनता जानना चाहती है।

बगदरा में रेत कारोबार पर संरक्षण के आरोप

बगदरा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि क्षेत्र के कुछ बड़े रेत कारोबारियों को कथित रूप से पुलिस संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते सोन नदी से लगातार रेत की निकासी और परिवहन का सिलसिला बेखौफ जारी है। क्षेत्र में चर्चा है कि बगदरा चौकी क्षेत्र से गुजरने वाले रेत वाहनों के लिए कथित रूप से एक तय व्यवस्था बनाई गई है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि प्रत्येक वाहन से नियमित हिसाब-किताब होने के कारण रेत कारोबारी बिना किसी भय के अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीछी क्षेत्र की सोन नदी से निकाली जा रही रेत का बड़े पैमाने पर परिवहन बगदरा क्षेत्र में किया जा रहा है और यह गतिविधियां कई महीनों से जारी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी वरिष्ठ अधिकारियों तक शिकायतें पहुंचाई गई थीं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

रेत उत्खनन से घड़ियाल-मगरमच्छों पर मंडराया संकट

सोन नदी में जारी कथित अवैध रेत उत्खनन अब केवल राजस्व और पर्यावरण का मामला नहीं रह गया है, बल्कि संरक्षित जल प्राणियों के अस्तित्व पर भी खतरा बनता नजर आ रहा है। जून माह मगरमच्छों और घड़ियालों के प्रजनन का महत्वपूर्ण समय माना जाता है। इसी दौरान ये जल प्राणी नदी किनारे की रेतीली सतह पर अंडे देते हैं, लेकिन लगातार हो रहे उत्खनन और भारी वाहनों की आवाजाही से अंडों के नष्ट होने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोन घड़ियाल अभ्यारण का उद्देश्य दुर्लभ जल प्राणियों और उनके प्राकृतिक आवास का संरक्षण है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां इसके विपरीत दिखाई दे रही हैं। आरोप हैं कि अभ्यारण क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार लगातार जारी है और जिम्मेदार अमला प्रभावी रोक लगाने में विफल साबित हो रहा है।

पहली ही बारिश में खुली ननि की सफाई व्यवस्था की पोल

वार्ड-31 व 40 के रहवासी परेशान, सफाई की उठी मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 जून। नगर निगम सिंगरौली की सफाई व्यवस्था की हकीकत पहली ही तेज बारिश में सामने आ गई।

बीते रविवार की शाम करीब 40 मिनट तक हुई तेज बारिश के बाद तालाब रोड स्थित हरिहर सेठ मार्ग, चक्की के पास सड़क पर जलभराव और नालियों का कचरा फैल गया। यह क्षेत्र नगर निगम के वार्ड क्रमांक 31 और 40 की सीमा में आता है। बारिश के बाद नालियों में जमा गंदगी और कचरा उफनकर सीधे सड़क पर आ गया, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे बन गए कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। सड़क पर फैले कचरे और गंदे पानी के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई और स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर नालियों की सफाई कराई जाती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका आरोप है कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है।

एक नजर में

कलेक्टोरेट में हुआ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

सिंगरौली। जून माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर जिपं सीईओ जगदीश गेमे, अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर अखिलेश सिंह, एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, माड़ा नंदन तिवारी, देवसर सौरभ मिश्रा, चितरंगी देवेन्द्र द्विवेदी, ननि आयुक्त सविता प्रधान सहित जिलाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

सीईओ ने बैंक शाखाओं का किया निरीक्षण

सिंगरौली। जिले में स्व-सहायता समूहों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत ऋण वितरण की स्थिति का जायजा लेने के लिए जिपं सीईओ जगदीश गोमे ने सेंट्रल बैंक सहित विभिन्न बैंक शाखाओं का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक अधिकारियों से समूहों को दिए जा रहे ऋण, लंबित प्रकरणों तथा ऋण वितरण प्रक्रिया की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

13 तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

सिंगरौली। श्रम अधिकारी राहुल प्रधान द्वारा अवगत कराया गया है कि संबल योजना तथा म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल से जुड़े पंजीकृत असंगठित एवं निर्माण श्रमिक जिनकी ई-केवाईसी प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हुई है, उन्हें 13 जून तक अनिवार्य रूप से अपनी ई-केवाईसी करानी होगी।

वार्ड प्रभारियों के कार्यों का व्यक्तिगत मूल्यांकन भी करें : सविता यादव

ननि आयुक्त ने विभागीय कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 जून। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने आज सोमवार को विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्व में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन में 50 और 100 दिनों से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग उपायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री द्वारा की जाएगी। साथ ही राजस्व वसूली की प्रगति को गति देने के लिए प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा किए जाने की बात कही। वार्ड प्रभारियों के कार्यों का व्यक्तिगत मूल्यांकन भी किया जाएगा। जल संरक्षण को लेकर आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्र के सभी आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों में शत-प्रतिशत रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली लागू कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम कार्यालय परिसर में आगंतुकों की सुविधा के लिए दो महिला एवं दो पुरुष शौचालयों का शीघ्र निर्माण कराने को भी कहा। वहीं बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को संबंधित पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में उपायुक्त आरपी बैस, कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, लेखाधिकारी अनुपम दुबे सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कृषि उपज मंडी बिलौजी में विधायक ने व्यापारियों से किया संवाद

समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए, किसानों की समृद्धि और व्यापारियों के हितों को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली ,1 जून। कृषि उपज मंडी बिलौजी बैढ़न में आज सोमवार को सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने किसानों एवं व्यापारियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना। इस दौरान मंडी परिसर में बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

संवाद कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि उपज के बेहतर विपणन, मंडी में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, तौल व्यवस्था तथा अन्य व्यावहारिक समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। वहीं व्यापारियों ने भी व्यवसाय संचालन से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और आवश्यकताओं से अवगत कराया। विधायक ने सभी की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। मंडी परिसर में आयोजित यह संवाद कार्यक्रम सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ, जहां विकास, कृषि और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं : रामनिवास

विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और व्यापारियों को बेहतर कारोबारी वातावरण उपलब्ध हो, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसंवाद के माध्यम से जमीनी स्तर की समस्याओं की जानकारी मिलती है, जिससे विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता की भागीदारी आवश्यक है। किसानों और व्यापारियों से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। अंत में किसानों और व्यापारियों ने विधायक के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

सिंगरौली पुलिस में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 जून। सिंहस्थ-2028 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए आज एसपी कार्यालय में स्थित रुस्तमजी कॉन्फ्रेंस हॉल में 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी सियाज केएम द्वारा किया गया। इस अवसर पर एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, निरीक्षक राकेश साहू, सूबेदार आशिष तिवारी एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सिंहस्थ-2028 में ड्यूटी के लिए पुलिस बल को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से तैयार किए गए 6 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कुल 658 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तब तक संचालित किया जाएगा, जब तक जिले का शत-प्रतिशत पुलिस बल प्रशिक्षित नहीं हो जाता।

देवसर में जल जीवन मिशन की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

देवसर 1 जून। जल निगम की गोंड, देवसर समूह जलप्रदाय योजना के तहत विकासखंड देवसर के जनपद पंचायत के मंगल भवन में ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों का एकदिवसीय, लेखा संधारण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आईएसए इंपैक्ट एशिया के तत्वाधान में किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि रामलोटन बैंस सरपंच उमरहर पंचायत एवं राम किशोर द्विवेदी सचिव डोडकी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं 50 ग्राम के कुल 78 सदस्यों ने उक्त प्रशिक्षण में हिस्सा लिया ।

शहर को स्वच्छता प्रदान करने में सफाई कर्मी की अहम भूमिका है : एसडी

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने सेवा कार्य दिवस पर 125 सफाई मित्रों को सेनेट्री किट वितरित कर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 जून। सेवा कार्य दिवस के अवसर पर आज सोमवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सिंगरौली द्वारा जिले के सफाई मित्रों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक जागरूकता एवं सेनेट्री किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 125 सफाई मित्रों को सेनेट्री किट प्रदान की गई। वितरित किट में नहाने एवं कपड़ा धोने का साबुन, वाशिंग पाउडर, हैंड वॉश, सैनिटाइजर, हेयर ऑयल, मास्क, टोपी, बिस्किट सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफाई कर्मी हमारे शहर को स्वच्छता प्रदान करने में इनकी अहम भूमिका है। अभी सेनेटरी किट प्रदान किया जा रहा है, इसके बाद में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण का भी कार्यक्रम जल्द ही किया जाएगा। वहीं सचिव डॉ. ओपी राय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति सदस्य विवेक कुमार त्रिपाठी, ननि स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बाल गोविंद चतुर्वेदी, सीटाडेल संस्था के एजीएम सचिन चतुर्वेदी, रावेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

विंध्याचल ने जनभागीदारी से दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 1 जून। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा महात्मा गांधी के स्वच्छ एवं सतत भारत के सपने को साकार करने की दिशा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 16 से 31 मई तक किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अभियान की शुरुआत 16 मई को विंध्या क्लब से सर्वेश्वर मंदिर परिसर तक आयोजित स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ समारोह से हुई, जिसमें कर्मचारियों, परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों एवं सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अभियान के तहत कर्मचारियों, परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों द्वारा संविदा हाउस कीपिंग कर्मचारियों के साथ मिलकर सर्वेश्वर मंदिर परिसर एवं स्टेशन केविभिन्न स्थलों पर श्रमदान और स्वच्छता अभियान चलाया गया।

नवीन तालाबों के निर्माण के लिए करार पर हस्ताक्षर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 जून। एनसीएल सीएसआर के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के साथ 3 तालाबो के निर्माण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया । अनुबंध पर हस्ताक्षर जिपं सीईओ जगदीश गोमे एवं महाप्रबंधक सीएसआर राजीव रंजन के मध्य किया गया ।

इस गतिविधि के अंतर्गत चितरंगी में 3 नवीन तालाबो का निर्माण जो की सुलखान खुर्द, नैकहवा पंचायत एवं कोरसर पंचायत में किए जाने है । इस गतिविधि के किए पच्चासी लाख रुपये सीएसआर फण्ड से स्वीकृत किए गए है । गौरतलब है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण के लिए अनेक कदम उठाये जा रहे है, जिसमें एनसीएल द्वारा भी योगदान किया जा रहा है एवं पर्यवरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धिता को संकल्पित किया जा रहा है।

रजमिलान में खूनी टकराव के बाद एसपी ने गठित की एसआईटी टीम

रिशु सिंह और गौरव सिंह के आरोपों से गरमायी सियासत, अवैध शराब कारोबार बना विवाद की जड़, आबकारी विभाग की भूमिका पर उठे बड़े सवाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 जून। माड़ा थाना क्षेत्र के रजमिलान गांव में तीन दिन पूर्व हुए बहुचर्चित विवाद ने जिले की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

कथित शराब कारोबारी गौरव सिंह और जनपद सदस्य रिशु सिंह के बीच हुए विवाद और मारपीट के आरोपों के बाद एसपी सियाज केएम ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल एसआईटी का गठन कर दिया है। गठित टीम में एएसपी सर्वप्रिय सिंह, एसडीओपी एवं प्रशिक्षु आईपीएस गौरव पांडेय, माड़ा थाना टीआई शिवपूजन मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हैं। आज सोमवार को जनपद सदस्य रिशु सिंह मीडिया के सामने आए और उन्होंने अपना पक्ष रखा। उनका आरोप है कि रात करीब एक बजे गौरव सिंह अपने समर्थकों और कई वाहनों के साथ उनके निवास पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और मारपीट की धमकी दी गई। रिशु सिंह के अनुसार स्थिति को देखते हुए वह घर के भीतर ही रहे और गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना सीसीटीव्ही कैमरों में रिकॉर्ड हुई है तथा उन पर दर्ज प्रकरण निराधार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब की गतिविधियां संचालित नहीं होतीं तो इतनी बड़ी टकरावपूर्ण स्थिति शायद पैदा नहीं होती। इधर इस पूरे घटनाक्रम के बीच अवैध शराब कारोबार को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

बाहरी लोग बेच रहे रजमिलान में अवैध शराब

रिशु सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा था, जिसका उन्होंने विरोध किया था। उनके अनुसार बाहरी लोगों द्वारा रजमिलान क्षेत्र में कथित रूप से अवैध शराब बेची जा रही थी और इसी विरोध के कारण विवाद की स्थिति बनी। दूसरी ओर गौरव सिंह ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि रिशु सिंह और उनके समर्थकों द्वारा मारपीट की गई, जिससे उन्हें और उनके साथ मौजूद कई लोगों को चोटें आईं।

एसआईटी टीम करेगी जांच

क्षेत्र में यह सवाल भी उठ रहा है कि जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के दावों के बावजूद ऐसे आरोप बार-बार क्यों सामने आते हैं। आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। लोगों का कहना है कि यदि अवैध शराब के नेटवर्क पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते। कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने अवैध शराब के स्रोतों तथा कथित संरक्षण तंत्र की निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल एसपी द्वारा गठित एसआईटी टीम पूरे मामले की जांच करेगी। जांच दल दोनों पक्षों के बयान, सीसीटीव्ही फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के कथन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की वास्तविकता सामने लाने का प्रयास करेगा। रजमिलान का यह मामला अब केवल दो पक्षों के विवाद तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि जिले में अवैध शराब कारोबार और प्रशासनिक निगरानी को लेकर भी कई बड़े सवाल खड़े कर गया है।